### एक नजर में

## कार से डेढ़ किलो गांजा और हथियार बरामद, पांच गिरफ्तार

**शहडोल.** जिले की अमलाई थाना पुलिस ने एक लग्जरी कार से डेढ़ किलो से अधिक गांजा, दो देशी कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात अनूपपुर जिले की ओर से आ रही एक संदिग्ध लग्जरी कार को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान वाहन से एक किलो 567 ग्राम गांजा, दो देशी कट्टे तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. पुलिस ने वाहन में सवार उदयभान जायसवाल, आशीष गुप्ता, कपिल सोनी, मोहम्मद युसूफ और प्रणव शर्मा से बरामद सामग्री के संबंध में वैधानिक दस्तावेज मांगे, लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. पुलिस ने सभी आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया. जांच के दौरान कार से तीन अलग-अलग नंबर प्लेट भी बरामद हुईं. इनमें एक नंबर प्लेट पर 'जिला उपाध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद' लिखा हुआ पाया गया. पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है.

## युवती को ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**पन्ना.** जिले में सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवती को अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को शाहनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी घटना के बाद से करीब चार वर्ष से फरार चल रहा था. थाना शाहनगर क्षेत्र की एक युवती ने आठ सितंबर 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और पैसों की मांग कर ब्लैकमेल किया. शिकायत के आधार पर थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 218/22 के तहत धारा 384 भारतीय दंड संहिता तथा धारा 67 आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई.

## कन्वेयर सीएचपी में हादसा में 5 घायल, 2 गंभीर

**सिंगरौली.** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के रिलायंस कन्वेयर सीएचपी में आज बुधवार की शाम के वक्त एक बड़ा हादसा हुआ है. इस हादसे में पॉच श्रमिक घायल हो गये. जिनमें से दो श्रमिको की हालत नाजुक होने पर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के चिकित्सको ने वाराणसी के लिए रिफर कर दिया. शेष का इलाज जारी है. वहीं रिलायंस कोल माइंस का प्रबंधन जानकारी देने से आनाकानी कर रहे थे. जानकारी के अनुसार रिलायंस कोल माइंस के कन्वेयर सीएचपी में कार्य के दौरान पॉच श्रमिक घायल हो गये. चर्चा है कि अचानक कन्वेयर को र्स्टाट कर दिये, जिसके चलते यह हादसा हुआ. बताया जा रहा है कि इस हादसे में नागेन्द्र सिंह निवासी कोयलखूंथ एवं राममिलन यादव निवासी भुड़कुड़ गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनों घायलो को उपचार के लिए वाराणसी के लिए रिफर किया गया है.

# एएसआई 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जबलपुर, 13 मई. आवेदक नंदकिशोर चौरसिया के बेटे अभिषेक चौरसिया को नौकरी दिलाने एवं सरकारी विभाग में गाड़ी लगाने का झांसा देकर फर्जीवाडा एवं ठगी होने पर उसके द्वारा थाना कोतवाली में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई गई है.**

नंदकिशोर चौरसिया जब एफआईआर के संबंध में जानकारी लेने के लिए जांच अधिकारी दिनेश रघुवंशी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली से मिले तो सही रिपोर्ट बनाने एवं फर्जी सिग्नेचर की जांच करवाने के ऐवज में 30000 रु रिश्वत की मांग करने लगा. मान मनौवल के बाद आरोपी एएसआई 20000 रुपए रिश्वत लेने तैयार हो गया. 13 मई को चाय की दुकान पर घूस लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया. आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7,13 (1)क्ष 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है. ट्रेप दल में नीतू त्रिपाठी उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशिकला मस्कुले, सदस्य निरीक्षक राहुल गजभिए, उप निरीक्षक शिशिर पांडेय एवम् लोकायुक्त जबलपुर का दल मौजूद था.

## लिपिक दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ाया



**सिवनी, 13 मई. जिले में लोकायुक्त पुलिस जबलपुर की टीम ने बुधवार को विकासखंड अधिकारी कार्यालय धनोरा में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अरुण कुमार कुमरे को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया. लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई.**

लोकायुक्त जबलपुर की पुलिस अधीक्षक अंजुलता पटले ने बताया कि आवेदक देवेंद्र कुमार सिरसाम, जो वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवारा में भृत्य पद पर पदस्थ हैं, ने शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में कहा गया था कि निलंबन अवधि के लगभग 14 माह के जीवन निर्वाह भत्ते की करीब एक लाख 65 हजार रुपये की राशि निकालने के एवज में आरोपी लिपिक द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी.

> सूत्रों के अनुसार शिकायत के सत्यापन में आरोपी द्वारा 25 हजार रुपये रिश्वत लेने पर सहमति जताई गई थी. इसके बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए बुधवार को आरोपी को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया. आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. ट्रैप कार्रवाई में निरीक्षक जितेंद्र यादव, निरीक्षक बृजमोहन नरवरिया सहित लोकायुक्त टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे.



## गौतम गंभीर ने पीताम्बर पीठ में की पूजा अर्चना

**दतिया.** भारत को तीन विश्व कप दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर आज दतिया पहुंचे. दतिया प्रवास के दौरान उन्होंने पीताम्बर पीठ में मां पीतांबरा माई के दर्शन किए तथा मन्दिर में भगवान वनखंडेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया.

## मां-बेटे हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

**200 से अधिक सीसीटीवी से फुटेज खंगाले पुलिस ने**

**17 सितंबर 2025 का है दोहरे हत्याकांड का मामला**



**पन्ना, 13 मई. जिले के अजयगढ़ में हुए मां-बेटे के दोहरे अंधे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस टीम ने सात महीने बाद आरोपी को मैहर के रामनगर क्षेत्र से पकड़ा.**

मामला 17 सितंबर 2025 का है, जब रहुनियां मोहल्ला माधौगंज में रहने वाली सोनू कुशवाहा और उसके पांच वर्षीय बेटे की हत्या कर दी गई थी. मृतका के जेठ रामनरेश कुशवाहा की शिकायत पर थाना अजयगढ़ में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने विशेष पुलिस टीमों का गठन किया. जांच के दौरान पुलिस ने करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले. जांच में सामने आया कि मोहल्ले में रहने वाला इन्द्रभान साकेत घटना के कुछ दिनों बाद कमरा खाली कर फरार हो गया था. पुलिस ने उसे रामनगर, मैहर से गिरफ्तार कर पूछताछ की.

## नोटिस के अगले दिन चला बुलडोजर

**ओंकारेश्वर.** ओंकारेश्वर में जमीन विवाद को लेकर पिछले 10 दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन के बीच प्रशासन ने आदिवासी परिवार के घर पर बुलडोजर कार्रवाई कर दी. इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और नाराजगी का माहौल बन गया है. जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार के सदस्य राहुल पिता पठान को शुक्रवार शाम राजस्व विभाग की ओर से नोटिस सौंपा गया था. नोटिस में तहसील पुनासा के ग्राम बिलोराबुजुर्ग में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का उल्लेख करते हुए तत्काल भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे. साथ ही चेतावनी दी गई थी कि अतिक्रमण नहीं हटाने पर पुलिस बल की सहायता से कार्रवाई की जाएगी.

## पिता और दो बच्चों के शव कुएं में मिले



**बालाघाट, 13 मई. कटंगी थाना क्षेत्र के जरामोहगांव में बुधवार को एक पिता और उसके दो बच्चों के शव कुएं में मिले. दोनों बच्चों के शव पिता के शरीर से गमछे में बंधे थे. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है.**

जरामोहगांव निवासी श्याम नागेन्द्र पुत्र भागवत एलआईसी एजेंट था. मृतकों में उसका बेटा वंश (5) और बेटी भूरि (3) भी शामिल हैं. श्याम मंगलवार रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच अपने दोनों बच्चों के साथ घर से निकला था. काफी समय होने के बाद परिजन ने उसकी तलाश शुरू की. गांव में पट मैदान के पास उसकी बाइक खड़ी मिली, जिससे अनहोनी की आशंका हुई. सूचना मिलने पर पुलिस ने भी तलाश शुरू की. कुछ दूरी पर बिना मुंडेर वाले कुएं के पास श्याम की चप्पलें मिलीं. बुधवार को उसी कुएं में तीनों के शव मिले. घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाट के सहारे श्याम, वंश और भूरि के शव कुएं से बाहर निकाले. बच्चों के शव गमछे से बंधे हुए थे. जानकारी के मुताबिक श्याम पहले सहारा बैंक में कंप्यूटर ऑपरेटर था. कंपनी के बंद होने के बाद वह एलआईसी एजेंट बन गया था. बच्चों के साथ आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है.

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने हटाई पायलट सुविधा

**▶ पीएम मोदी की अपील पर लिया बड़ा फैसला**



**भोपाल, 13 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत संबंधी अपील के बाद मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने काफिले से फॉलो और पायलट वाहन सुविधा हटाने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही संबंधित स्टाफ को भी वापस कर दिया गया है.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने और पेट्रोलियम ईंधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया है. उसी के अनुक्रम में उन्होंने यह कदम उठाया है.

उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, भावी पीढ़ियों के हित और राष्ट्रहित से भी जुड़ा विषय है. उन्होंने नागरिकों से भी ईंधन बचत के लिए आगे आने की अपील की. शुक्ल ने कहा कि सरकार जनहित में उपलब्ध संसाधनों के जिम्मेदार और सर्वोत्तम उपयोग के लिए लगातार प्रतिबद्ध है. उनका यह कदम ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता और सादगी का संदेश देने वाला माना जा रहा है.

## ट्रक से 40 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त

**धार.** जिले की धामनोद थाना पुलिस ने एबी रोड पर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य की 514 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त कर गुजरात के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर की ओर से एक ट्रक में अवैध शराब की खेप धामनोद होते हुए गुजरात ले जाई जा रही है. सूचना के आधार पर पुलिस ने एबी रोड स्थित खलघाट टोल प्लाजा और राजपूताना ढाबा के बीच नाकाबंदी कर ट्रक क्रमांक जीजे 01 डीटी 8283 को रोककर तलाशी ली. तलाशी के दौरान ट्रक में सफेद रंग की बोरियों में पशु आहार भरा मिला. बोरियों को हटाकर देखने पर भीतर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां पाई गई. पुलिस ने चालक से पूछताछ की, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. पुलिस ने ट्रक से कुल 514 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की, जिनमें ब्ल्यू स्ट्रोक व्हिस्की की 157 पेटी, अंकल टॉम मिंट जामुन फ्लेवर वोडका की 92 पेटी, अंकल टॉम ग्रीन एप्पल वोडका की 99 पेटी तथा इम्पीरियल स्टाइल व्हिस्की की 166 पेटियां शामिल हैं.

## ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

### सिर्फ जनसंख्या के आधार पर नहीं हो सकती वृद्धि

**जबलपुर, 13 मई. मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी आरक्षण के मामले पर दायर 86 याचिकाओं पर तीन दिवसीय अंतिम स्तर की सुनवाई शुरू हुई. सर्वप्रथम सामान्य वर्ग की ओर से ओबीसी आरक्षण के विरोध में तर्क दिया गया. सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि ओबीसी आरक्षण बढ़ाएंगे.**

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी केस का हवाला देते हुए कहा कि बिना किसी अध्ययन के अचानक इस तरह का फैसला लिया जाना गलत है. न्यायालय ने तर्कों को संज्ञान में लेकर आज गुरुवार को दोपहर तीन बजे से आगे की सुनवाई करने के निर्देश दिए. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने को चुनौती दी गई थी. इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर हुई. इस मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई. 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों के अधिवक्ताओं के लिए बहस की समय-सीमा तय कर दी थी. इसके बाद 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज राज्य शासन की ओर से पक्ष रखेंगे. बुधवार को महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मामले की सुनवाई में नहीं पहुंचे. ओबीसी वर्ग की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ने इस पर कहा कि सरकार इस मामले में उदासीनता बरत रही है. किसी न किसी बहाने अब तक 60 बार सरकार सुनवाई आगे बढ़वा चुकी है.

### प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा की बनाई जाए मेरिट सूची

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि पकड़े जाने के बाद अंकों को कम करने या नहीं का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाती है, एकलपीठ ने नये सिरे से मेरिट सूची बनाने और गैर-आरसीआई डिप्लोमा धारी अपात्र अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर करने के आदेश जारी किये हैं. नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों की तरफ से प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 भर्ती की चयन सूची को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.



## सिरफिरे युवक ने युवती को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, 13 मई. जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर में एक सिरफिरे युवक द्वारा युवती की गोली मारकर हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को अवैध कट्टे सहित गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है.**

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर निवासी 25 वर्षीय आरती यादव पर गांव के ही विनोद यादव ने अचानक अवैध कट्टे से फायरिंग कर दी. गोली लगने से आरती गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी. परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया. हालांकि रास्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी ने मृतका के भाई आकाश यादव पर भी जानलेवा हमला किया. उसने आकाश पर फायर किया, लेकिन निशाना चूक जाने से उसकी जान बच गई. घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी विनोद यादव को गिरफ्तार कर लिया.

> पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और हत्या के कारणों की जांच की जा रही है. घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है. स्थानीय स्तर पर आरोपी और उसके पिता के साथ मारपीट की भी चर्चा है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

## नेशनल हाईवे-30 पर ट्रक ने रौंदा, युवक की मौत

**जबलपुर.** सिहोरा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 महगवां मोड़ में बुधवार को एक बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया. हादसे में युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदय उपाध्याय पिता प्रदीप उपाध्याय 22 वर्ष निवासी ग्राम कोंडिया कटनी का अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एमएल 4015 से पिता की दवा लेने जबलपुर के निकला था वे जैसे ही नेशनल हाईवे-30 स्थित महगवां मोड के पास पहुंचा तभी ट्रक क्रमांक यूपी 70 एलटी 4362 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कुचल दिया. हादसे में बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं ट्रक चालक वाहन को छोडक़र मौके से फरार हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये प्रकरण दर्ज कर ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है.



## मंत्री करण सिंह वर्मा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

नवभारत समाचार

**भोपाल, 13 मई. मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया.**

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है. उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया.

**अनूठी पहल ▶ ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील का असर अब नेताओं पर दिखाई दे रहा**

## साइकिल से दादा दरबार पहुंचीं विधायक कंचन तनवे



**खंडवा, 13 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अपील का असर अब जनप्रतिनिधियों में भी दिखाई देने लगा है. इसी कड़ी में खंडवा की भाजपा विधायक कंचन मुकेश तनवे गुरुवार को अपनी कार छोड़ साइकिल से दादा दरबार पहुंचीं. उनकी इस अनूठी पहल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और शहर में चर्चा का विषय बन गई.**

रोजाना कार से दादा दरबार दर्शन करने जाने वाली विधायक तनवे इस बार सुबह अपने आवास से साइकिल चलाकर दरबार पहुंचीं. विधायक को साइकिल पर देखकर श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक आश्चर्यचकित रह गए. कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली और इस पहल की सराहना की. दर्शन के बाद विधायक तनवे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील से प्रेरित होकर उन्होंने यह संकल्प लिया है कि सप्ताह में कम से कम एक दिन वे साइकिल या इलेक्ट्रिक बाइक से ही दादा दरबार जाएंगी और उसी दिन सभी कार्यक्रमों में इसी साधन का उपयोग करेंगी.

**▶ हम से शुरू होगा बदलाव**

उन्होंने कहा, 'हम जनप्रतिनिधि हैं, इसलिए बदलाव की शुरुआत हमें खुद से करनी चाहिए. यदि हर नागरिक सप्ताह में एक दिन निजी वाहन का कम उपयोग करे तो करोड़ों लीटर ईंधन की बचत हो सकती है और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा.' विधायक ने साइकिलिंग को स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी बताते हुए लोगों से इसे अपनाने की अपील की. दादा दरबार पहुंचे युवाओं ने उनकी पहल को प्रेरणादायक बताया. भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित कई पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया.

### विधायक का वाहन काफिला बना चर्चा का विषय

शिवपुरी. जिले के पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी का करेरा क्षेत्र में वाहन काफिले के साथ मंदिर पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इसके बाद विधायक लोधी वाहनों के काफिले के साथ मंदिर पहुंचे और वहां मौजूद साधु-संतों तथा पुजारियों से चर्चा की. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसकी व्यापक चर्चा हो रही है. वीडियो में बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला दिखाई दे रहा है. सोशल मीडिया पर इसे पीएम द्वारा ऊर्जा और ईंधन बचाने की अपील से जोड़कर भी टिप्पणियां की जा रही हैं. हालांकि इस संबंध में विधायक प्रीतम लोधी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

## भाजपा ने कहा : मुख्यमंत्री ने राष्ट्रहित का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया

**ग्वालियर.** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने हेतु कारकेड में न्यूनतम वाहनों का उपयोग, वाहन रैलियों पर रोक तथा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया. यह मुख्यमंत्री की सादगी, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के अव्हान को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया.

